Schedule XLII-High Court (J) 19 [Old

अनुमन्डल न्यायालय-असैनिक न्यायाधीश (वरीय कोटि)बनमनखी,पूर्णिया बिहार

स्वत्व विभाजन वाद संख्य-04/18

सन्तोष राय एवम अन्य बनाम सुर्य प्रकाश सिंह एवम अन्य

Order date	Order with signature of the Court	Office action taken
19/01/24	वादी की ओर से उनके विद्वान अधिवक्ता की हाजिरी है। प्रतिवादी गण की कोइ पैरवी नही है |यह वाद वादी की ओर से प्रस्तुत दिनांक 12/12/23 के आ.22 नि.4 दिवानी प्रक्रिया संहिता के आवेदन पर प्रतिउत्तर हेतु नियत है। पुकार पर वादी पक्ष उपस्थित हुए प्रतिवादी अनुपस्थित जिस कारण से प्रतिवादी को प्रतिउत्तर से वंचित कर वादी को सुना | उक्त आवेदन को संचालित कर वादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा समर्पित किया गया है कि इस वाद के प्रतिवादी संख्या 1 सुर्य प्रकाश सिंह की मृत्यु को हो गई है जिसकी सुचना प्रतिवादी के द्वारा नही दिया गया है | प्रतिवादी सं.1 के विधिक वारिसान वाद मे पुर्व से ही पक्षकार हैं | अतः विनम्र निवेदन है कि वादपत्र से प्रतिवादी संख्या 1 का नाम विलोपित करने की कृपा की जाए। प्रतिवादिगण की ओर से आपत्ति नही व्यक्त किया गया है। वादी पक्ष को सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया | अभिलेख के अवलोकन से प्रतीत होता है कि इस वाद के प्रतिवादी संख्या 1 की मृत्यु हो गई है| वाद के प्रभावी एवम न्यायपूर्ण निराकरण के लिए वादी की ओर से प्रस्तुत उक्त आवेदक को न्याय हित में स्वीकृत कर वाद से प्रतिवादी संख्या 1 का नाम विलोपित करने की अनुमति प्रदान की जाती है।वादी को निर्देश दिया जाता है कि वह इस आदेश की तिथि से 14 दिन के भीतर वादपत्र में संशोधन करें । वाद आगामी दिनांक 20/02/24 उपस्थिति हेतु नियत। लेखापित- असैनिक न्या.(व.को.)बनमनखी पूर्णिया ,बिहार	